तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025



11 विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के युग में बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा मिशन बुनियाद कार्यक्रम: उपायुक्त





12 ऑनलाइन डायरी के तुगलकी फरमान के खिलाफ शिक्षकों का फूटा गुस्सा




### साढे तीन साल से चल रहा आरओबी का निर्माण कार्य

# लोगों को दो दिन राहत देने के बाद आरओबी की एक तरफा लेन फिर से बंद, आगामी माह में राहत मिलने की उम्मीद

- जनता को इस वर्ष आरओबी के मिलने की पूरी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भाड़ावास रेलवे फाटक आरओबी की मंगलवार को खोली गई एक तरफा लेने को लोगों को दो दिन राहत देने के बाद वीरवार को सुरक्षा को लेकर फिर से बंद कर दिया गया। रेवाड़ी-साझापुर स्टेट हाइवे स्थित भाड़ावास रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का कार्य चलते हुए 3 साल 7 महीने बीत चुके है, लेकिन इस वर्ष लोगों को आरओबी का कार्य पूरा होने पर मार्ग खुलने की उम्मीद है। एचएसआरडीसी की ओर से अपना कार्य पूरा करने के बाद अब रेलवे की ओर से कार्य किया जा रहा है। रेलवे की ओर से एक तरफा लेन का कार्य पूरा करने के बाद दूसरी लाइन पर कार्य किया जा रहा है। रेलवे एजेंसी की ओर से आरओबी की एक तरफा तैयार लेन का मंगलवार को दिन के समय आवागमन के लिए खोल दिया गया था, जिससे पुल से वाहनों का गुजरना शुरू हो गया, लेकिन दो दिन की राहत के बाद पुल को वीरवार को बेरिकेड लगाकर फिर से बंद कर दिया गया। वीरवार को दिनभर वाहन चालक पुल पर चढ़कर वापस लौटते रहे। रेलवे एजेंसी का कहना है कि आरओबी की एक तरफा लेन को मई माह के पहले या दूसरे सप्ताह में पूरी तरह खोल दिया जाएगा तथा दूसरी तरफ की लेन को तैयार होने में अभी दो माह का समय लग सकता है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अभी पुल की एक तरफा लेन का अधिकारिक रूप से नहीं खोला गया था। पुल को महज ट्रायल बेस पर खोला गया था, लेकिन अभी कार्य पूरा नहीं होने के कारण सुरक्षा को लेकर पुल को बंद कर दिया गया है।



रेवाड़ी। आरओबी पर बेरिकेड लगाकर बंद किया गया मार्ग, मार्ग बंद करने पर वापस लौटते हुए कार।




फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। आरओबी पर लोगों ने बनाई अवैध पार्किंग। फोटो :हरिभूमि

## रेलवे कर रही दूसरी लेन का कार्य

भाड़ावास रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य सितंबर 2021 में शुरू किया गया था तथा कार्य को जून 2023 में पूरा होना था, लेकिन कार्य धीमी गति से चलने के कारण 3 वर्ष 7 महीने का समय बीत चुका है। आरओबी 60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। ओवरब्रिज के कार्य के पूरा होने से रेवाड़ी-सांझापुर मार्ग पर स्थित सैकड़ों गांवों तथा आसपास की कॉलोनियों के लोगों को काफी राहत मिलेगी। एचएसआरडीसी की ओर से ओवरब्रिज का अपने हिस्से का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है, सिर्फ अंडरपास का कार्य कुछ बाकी है। फिलहाल रेलवे की ओर से आरओबी की दूसरी लेन का कार्य किया जा रहा है।

### वैकल्पिक मार्ग लोगों को पड़ रहा भारी

रेलवे की ओर से आरओबी के कार्य के चलने के कारण अभी लोग वैकल्पिक मार्ग से आवागमन कर रहे है। वाहन चालक रामपुरा होकर आवागमन कर रहे है। ओवरब्रिज कार्य के कारण भाड़ावास मार्ग पर स्थित करीब 30 से 35 गांवों तथा फाटक के पास स्थित चार कॉलोनियों के हजारों लोग लंबे समय से परेशान है। आरओबी कार्य के कारण मार्ग के बंद होने से कंपनीबाग, हंस नगर, न्यू आदर्श नगर और परशुराम कॉलोनी की करीब 5 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। लोगों को अभी वैकल्पिक मार्ग से घूमकर आवागमन करना पड़ा रहा है, जिससे काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### लोगों ने पुल पर बनाया पार्किंग स्थल

रेलवे की ओर से लोगों को राहत देने के लिए मंगलवार को खोला गया एक तरफा पुल सुरक्षा को लेकर वीरवार को फिर से बंद कर दिया गया। आरओबी के निर्माण के चलते पुल की सड़क खाली रहने पर लोगों ने इसे पार्किंग स्थल बना लिया है। आसपास के लोग पुल पर अपने वाहनों को खड़ा कर रहे है।, जिससे रेलवे एजेंसी को एक तरफा पुल निर्माण की सामग्री लाने ले जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### लड़की के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने लड़की के अपहरण के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गत 5 फरवरी को क्षेत्र के एक गांव से युवती लापता हो गई थी। पुलिस ने उसके पिता की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवती का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया। युवती के कोर्ट में बयान कराने के बाद पुलिस ने राजस्थान के गांव सितल निवासी तरुण को गिरफ्तार कर लिया। उस पर लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया गया है।

### युवक पर चाकू से हमले का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने 26 मार्च को मंदोला में एक युवक पर चाकू से हमला करने के दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। नांगल जमालपुर निवासी कमल ने पुलिस बयान में बताया था कि वह अपनी बहन को परीक्षा दिलाने के लिए मंदोला लेकर गया था। वहां उसकी के गांव के लाला और अटेली के भोड़ी निवासी नीरज ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद लाला को काबू कर लिया था। अब पुलिस ने इस मामले में नीरज को भी गिरफ्तार कर लिया।उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### टोल टैक्स कर्मी से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने टोल टैक्स कर्मचारी से मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस बयान में काठूवास टोल टैक्स पर कार्यरत हितेश कुमार ने बताया था कि उसके पास परतापुर निवासी रवि का फोन आया था। रवि ने उसे बातचीत करने के लिए अपने ऑफिस बुलाया था। जब वह कुंड आया तो उसे बासदुधा रोड पर बुलाया गया। वहां रवि व उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 6 मार्च को केस दर्ज किया था। पुलिस ने रवि को गिरफ्तार कर लिया।

### धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने जमीन का एग्रीमेंट करने के बाद रजिस्ट्री नहीं कराने के मामले में धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आसलवास निवासी भजनलाल ने एसपी को दर्ज शिकायत में बखापुर निवासी भागमल पर आरोप लगाया था कि उसने अपनी जमीन का बयनामा उसके साथ किया था। बयनामा करते समय उसने रकम भी वसूल ली थी, परंतु रजिस्ट्री कराने के दिन वह तहसील नहीं पहुंचा। पुलिस ने एसपी के आदेश पर उसके खिलाफ गत वर्ष 19 अप्रैल को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### हथियार सप्लाई का आरोपी वारंट पर

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने गत 6 अप्रैल को रामसिंहपुरा निवासी प्रदीप उर्फ रालु को अवैध पिस्टल व एक खाली कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि उसे यह हथियार यूपी के नंगला दरवर निवासी पिंटू ने मुहैया कराया था। पिंटू किसी अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है।

### फसल निकालकर गेहूं चोरी कर ले गए


**रेवाड़ी।** फिदेड़ी में एक किसान के खेत में कटी गेहूं की फसल पर थ्रैसर लगाकर कुछ लोग गेहूं की चोरी कर ले गए। किसान पंकज ने बताया कि उसने 15 कनाल जमीन पर गेहूं की खेती की हुई थी। उसने 15 दिन पहले गेहूं काटकर खेत में एकत्रित किया था। बुधवार की रात अज्ञात व्यक्ति थ्रैशर मशीन से गेहूं निकला ले गए।

### सीसीटीवी में चोरी करते हुए नजर आ रहे चोर

## सोने की चेन खरीदने के बहाने आए मौका पाकर दो चेन लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गुड़ बाजार में बाइक पर आए महिला व पुरुष सोने की चेन खरीदने के बहाने दो चेन लेकर फरार हो गए। शातिर दिमाग चोरों ने बाइक की आगे की नंबर प्लेट हटाई हुई थी, जबकि दुकान में प्रवेश से पहले पीछे की नंबर प्लेट एक थैला लटकार ढांप दी थी। सीसीटीवी कैमरे में दोनों चेन चोरी करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में गुड़ बाजार में सर्राफ की दुकान चलाने वाले राजीव जैन ने बताया कि उसकी दुकान पर बुधवार सायं एक महिला और पुरुष आए थे। वह और उसका नौकर सुभाष उस समय दुकान पर थे। दोनों ने 10 ग्राम वजन की सोने की चेन दिखाने को कहा। उसने काफी चेन उनके सामने रख दीं। इसके बाद उन्होंने 7 ग्राम वजन तक की चेन दिखाने के लिए कहा। सर्राफ ने उन्हें बताया कि इस समय इतने वजन की चेन उसके पास उपलब्ध नहीं है। दोनों वहां से बाद में बताने की बात कहते हुए चले गए। जाने के बाद चेन की काउंटिंग की गई, तो उनमें से 36 ग्राम वजन की दो चेन गायब मिली। उसका बेटा प्रणय भी दुकान पर आ गया। उसने सीसीटीवी फुटेज चेक की, तो आरोपी चेन करते हुए नजर आए। उसने तुरंत घटना की सूचना डायल-112 पर दी।



रेवाड़ी। सर्राफ की दुकान में सोने की चेन देखते महिला व पुरुष।

### नंबरों पर लटकाया हुआ था थैला

पुलिस ने जब दुकान के बाहर खड़ी बाइक के नंबरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज चेक की तो बाइक पर आगे की नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। पीछे की नंबर प्लेट पर थैला लटका हुआ था, जिस कारण फुटेज में बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर पर भी नहीं दिखाई दिए। सीसीटीवी कैमरे में दोनों आरोपी साफ नजर आ रहे हैं, जिस कारण सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

### *कोसली की भोगल बस्ती में व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान*

*कोसली। कोसली स्टेशन क्षेत्र की भोगल बस्ती में एक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक हरिकिशन फिलहाल परिवार सहित रेवाड़ी में किराए पर मकान लेकर रह रहा था तथा मंगलवार को अपने भोगल बस्ती स्थित घर में आया हुआ था। बुधवार को पत्नी व उसकी मां ने फोन पर संपर्क का प्रयास किया। संपर्क नहीं होने पर जब पत्नी सुमन देवी, मां चंद्रपति व बेटी गरिमा के साथ वीरवार को भोगल बस्ती पहुंची तो पति को पंखे पर फंदे से लटका पाया। सुमन देवी ने रेवाड़ी के मकान मालिक को पति की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। सुमन के अनुसार उन्होंने रेवाड़ी के भजन का बाग में आदित्य अग्रवाल का मकान किराए पर लिया हुआ है। दो माह से उनके पति की नौकरी छूट गई थी। किराए को लेकर आदित्य अग्रवाल व उसके पिता दिनेश अग्रवाल ने उनके पति को मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे। उनके पति मंगलवार को रेवाड़ी से कोसली पैसों का प्रबंध करने की कहकर आए थे। मृतक हरिकिशन के बिस्तर से सुसाइड नोट व मोबाइल फोन भी मिला है। पत्नी के अनुसार मरने से पहले उनके पति ने अपने मोबाइल फोन से सुसाइड नोट मकान मालिक के वाहट्सअप पर भी भेज रखा है।*

## ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष एक महिला के साथ ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला शास्त्री नगर इसाई टोला निवासी नरेंद्र यादव के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही काबू कर चुकी है। 2 जून 2024 को गांव महेश्वरी निवासी महिला के पास वर्क फ्रॉम होम के नाम पर एक मैसेज आया था। मैसेज में ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने का ऑफर दिया गया था। शुरूआत में आरोपियों ने टास्क के नाम पर उससे 100 रुपये डलवाने के बाद 300 रुपये वापस कर दिए। आरोपियों ने इसी प्रकार टॉस्क के नाम पर उससे पैसे डलवाना शुरू कर दिया और उससे कुल 4 लाख 94 हजार 880 रुपये अलग-अलग खातों में डलवा लिए। पुलिस ने मामले में संलिप्त पांच आरोपी मध्यप्रदेश के जिला ग्वालियर के रानीपुरा निवासी विशाल, यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला शास्त्री नगर इसाई टोला निवासी अजय शाक्या, यूपी के जिला झांसी के गांव तलईया निवासी राहुल, निहाल सिंह व हर्ष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को एक और आरोपी नरेंद्र यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

## आईजीयू के 34 छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सनों की दो महीने बाद पुन: जॉइनिंग

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीपपुर में वीरवार को सरकार के आदेश पर 34 छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सनों को दो महीने के बाद पुनः जॉइनिंग कराकर जॉब सिक्योरिटी की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैकचुअल टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष विजय मलिक व आईजीयू रेवाड़ी की अध्यक्ष कर्मवती यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व अन्य उच्च अधिकारियों से बार-बार मिलने पर विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के लंबे अनुभव और छात्रों के भविष्य के हितों को लेकर सरकार ने सकारात्मक निर्णय लिया है। आईजीयू की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धमार्णी व कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने 34 छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सनों को पुनः जॉइनिंग कराई है। ऐसा होने से हरियाणा यूनिवर्सिटी के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों में सेवा सुरक्षा मिलने की पूरी आशाएं बढ़ी हैं कि अब उन्हें भी सरकारी कॉलेज सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के अनुबंधित शिक्षकों की तरह जल्द ही सेवा सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व शिक्षामंत्री का आभार व्यक्त किया है।



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री से मिलते हुए रिसोर्स पर्सन।

शिक्षकों ने सरकार से सेवा सुरक्षा मिलने तक स्थाई भर्ती करते समय पहले से कार्यरत हम अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों को भरा हुआ मानकर शेष क्लियर कट वैकेंसी पर भर्ती करने की मांग की है ताकि आईजीयू मीरपुर जैसे हालात दोबारा अन्य किसी भी विश्वविद्यालयों में ना दोहराएं जाए।

### एक्सप्रेस ट्रेन के कोच से भारी मात्रा में गांजा बरामद

**रेवाड़ी।** बांद्रा टर्मिनल जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के कोच से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। जीआरपी के अनुसार दिल्ली से बांद्रा टर्मिनल जाने वाली ट्रेन रात को लगभग 12 बजे नारनौल स्टेशन पर रुकी थी। जीआरपी ने ट्रेन में चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान एक स्लीपर कोच के शौचालयों के पास बैग रखा हुआ मिला। जीआरपी ने कोच में सवार यात्रियों से बैग के बारे में पूछताछ की। किसी भी यात्री ने अपना बैग होने की बात स्वीकार नहीं की। जीआरपी ने बैग को ट्रेन से उतार लिया। बैग को खोलकर चेक किया तो उसमें गांजा पत्ती मिली। गांजा का वजन 9.345 किलोग्राम मिला। जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

### एसडीएम ने स्कूलों का निरीक्षण करते हुए स्कूल बसों की जांच की

## स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की पालना नहीं करने वाले स्कूल संचालकों पर होगी कार्यवाही: एसडीएम

- खामियां मिलने पर स्कूल संचालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

स्कूल वाहनों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन सतर्क है। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत किसी भी रूप से नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल संचालकों पर कार्यवाही की जा रही है।

वीरवार को एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने स्कूलों का निरीक्षण करते हुए स्कूल बसों की जांच की और खामियां मिलने पर स्कूल संचालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल रेवाड़ी व प्रथम इंटरनेशनल स्कूल छुरियावास में स्कूल बसों का निरीक्षण किया और नियमों की पालना न करने पर चालान किए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्कूलों की चेकिंग का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में निर्धारित मानकों व मापदंडों की पालना नहीं करने वाले स्कूल संचालकों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि स्कूल बसों की चेकिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों की यात्रा को सुरक्षित बनाना है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में निर्धारित मानकों व मापदंडों की अनुपालना सुनिश्चित करें। स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्स, जीपीएस सिस्टम, प्रशिक्षित चालक व परिचालक सभी मानकों की पालना करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन की पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की है। सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि बच्चों को घर से स्कूल तक सुरक्षित ले जाना व लाना तथा स्कूल में सुरक्षित माहौल प्रदान करना स्कूल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।





रेवाड़ी। स्कूल स्टाफ को निर्देश देते एसडीएम सुरेन्द्र सिंह, स्कूल बस का निरीक्षण करते हुए एसडीएम सुरेन्द्र सिंह।

### बावल में नपा ने हटाया अतिक्रमण

## सामान जब्त कर हजारों रुपये का किया चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

नगर पालिका बावल की ओर से वीरवार को कस्बे के मेन बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नपा की टीम दोपहर को दलबल के साथ बाजार में पहुंची, जिसे देखकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया और सभी सड़कों पर रखे अपने सामान को समेटकर अंदर रखने लगे, वही रेहडी चालक गलियों में तितर-बितर हो गए। नगर पालिका कर्मचारियों ने भी तत्परता दिखाते हुए सड़क पर रखा काफी सामान ट्रैक्टर-ट्राली में लोड करके जब्त कर लिया। नगर पालिका के जेई दीपक कुमार ने कहा कि रेहड़ी चालकों व दुकानदारों को लगातार सचेत किया जा रहा हैं कि अपना सामान निर्धारित स्थान पर ही रखे, लेकिन कुछ रेहड़ी वाले व दुकानदार बाजार में अव्यवस्था फैलाने का काम कर रहे है, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो बाजार से एंबुलेंस तक के निकलने में दिक्कत हो जाती है। बाजार में दुकानों व रेहड़ी वालों की हद तय करने के लिए पट्टी बनाई गई है। इससे बाहर आने वाले अतिक्रमण कारियों का चालान भी काटा जा रहा हैं। वीरवार को दस हजार से अधिक रुपये के चालान किए गए। इस अवसर पर संजय सिंह, कमल सिंह, जवाहर व विजय सिंह सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। बावल में अतिक्रमण का सामन जब्त करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी



जागरूकता

देवेंद्र मेवाड़ी











बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नीला मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।

## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्ही तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।

## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।




**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां




बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रिया-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले




**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी

मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



'तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता

देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर




वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। केंद्रीय विद्यालय में बच्चों का स्वागत करते स्टाफ सदस्य।

### केंद्रीय विद्यालय भाकली में मनाया प्रवेश उत्सव

**कोसली।** पीएम श्री केंद्रीय विधालय भाकली में कक्षा एक के बच्चों के प्रथम दिन विद्यालय में आने पर प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सुभाष, मुख्य अध्यापक आनन्द प्रकाश, स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों तथा नए बच्चों ने किया। प्राचार्य सुभाष ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन में नामांकन होना बच्चों के लिए गौरव की बात है। केंद्रीय विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ध्यान दिया जाता है। प्राचार्य ने अभिभावकों से सहयोगी का अनुरोध किया, जिससे विद्यालय में बच्चों के प्रवेश व शिक्षा की सार्थकता सिद्ध हो सके।
इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### घर में घुसकर पर्स से नकदी लेकर फरार हुआ युवक

**कोसली।** गुड़ियानी गांव की एक महिला ने अपने पड़ोसी पर घर में घुसकर पर्स से नकदी चुरा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। महिला मंजू देवी ने पुलिस को बताया कि उसने गांव में कास्टमेटिक के सामान की दुकान की हुई है। वीरवार को वह अपने बच्चों के साथ घर पर थी कि प्रातः करीब 6 बजे उनके पड़ोसी सागर ने घर में घुसकर कमरे में हैंगर में लटके पर्स में से 9250 रुपए चुरा लिए। सागर बाहर निकलने लगा तो उन्होंने उसे पकड़ लिया तथा अपने बेटे अंकित को आवाज लगाई, परन्तु इस दौरान सागर उनका हाथ झटकर कर खेतों की तरफ भाग गया। वह उनका एक फोन का चार्जर भी ले गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

#### पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक संवाद

# विद्यार्थियों को बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा मिशन बुनियाद कार्यक्रम

कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी अभिषेक मीणा ने किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी





रेवाड़ी। कन्या स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते डीसी। व डीसी को स्मृति चिंह भेंट करते प्राचार्य व शिक्षा विभाग के अधिकारी फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत वीरवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी अभिषेक मीणा ने किया। शैक्षणिक संवाद में शिक्षकों, अभिभावकों व विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के दौर में जीवन में आगे बढ़ने संबंधी जानकारी सांझा की गई। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि मिशन बुनियाद कार्यक्रम राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के इस युग में एक बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे हर साल आईआईटी व नीट जैसी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। डीसी ने कहा कि सरकार के प्रयास से अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल भी हो रहे हैं। उन्होंने मिशन बुनियाद के तहत आयोजित लेवल 3 परीक्षा देने के लिए बच्चों के साथ आए अभिभावकों से आह्वान किया

कि वे अपने बच्चों को बेहतरीन शैक्षणिक माहौल दें ताकि वे देश सेवा में अपना योगदान दे सकें।

#### जीवन में सफलता एक दिन में नहीं मिलती

डीसी मीणा ने कहा कि जीवन में सफलता एक दिन में नहीं मिलती है, यह क्रमबद्ध तरीके से जीवन में रोजाना नई सीख के साथ कुशल मार्गदर्शन से आगे बढ़ते हुए मिलती है, ऐसे में विद्यार्थी पूरी संजीदगी व तन्मयता के साथ मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। बच्चों की ओर से मेहनत के साथ उठाया गया हर कदम सफलता की ओर लेकर जाता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे एक परीक्षा में मिली असफलता से निराश न हों, बल्कि असफलता को अपनी ताकत बनाकर सफलता के पायदान पर अपना पथ बढ़ाएं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने डीसी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्मृति चिह्न के रूप में पौधा भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने प्रवक्ता पूनम यादव के मार्गदर्शन में हरियाणवी संस्कृति पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डीईओ सुभाष चंद, डीईईओ कपिल पूनिया, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, बीईओ नाहड़ राजेंद्र शर्मा, पीएम श्री राकवमावि के प्राचार्य धर्मवीर, डीएसएस रेणू यादव व मिशन बुनियाद से प्रदीप सनसनवाल सहित शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

मिशन बुनियाद कार्यक्रम बच्चों को प्रतिस्पर्धा के इस युग में आगे बढाने का सशक्त माध्यम बन रहा है।



रेवाड़ी। स्कूल में विद्यार्थियों को जानकारी देते डा. सतीश खोला।

## संगवाडी स्कूल में विद्यार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी

■ बच्चों को पीपीपी और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

शिक्षा विभाग की ओर से वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाडी में एपीसी सुंदर सिंह की देखरेख में परिवार पहचान पत्र जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। एचपीपीए के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला कार्यक्रम में मुख्य वक्ता थे। डा. खोला ने कक्षा नौवीं से बाहरवी कक्षा तक के विद्यार्थियों को सरकार की परिवार पहचान पत्र योजना तथा सभी सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 519 सरकारी योजनाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है।

अभी ज्यादातर योजनाएं पेपरलेस हो गई है तथा जल्द ही सभी योजनाओं को पेपरलेस कर दिया जाएगा। उन्होंने छात्रों के पास उपलब्ध टैबलेट से फैमिली आईडी को खोलने तथा सिटीजन कॉर्नर से फैमिली आईडी में गलतियों को ठीक करने, नए व्यक्तियों को जोड़ने तथा मृत व्यक्तियों को हटाने संबंधित सभी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र सहित अनेकों योजनाओं को डाउनलोड करने के बारे में बताया। एपीसी सुंदर सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी सरकारी स्कूलों में ऐसे कार्यक्रम कराए जाएंगे, जिनमें आधार कार्ड व फैमिली आईडी सहित सभी ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी व क्रियान्वयन की जानकारी दी जाएगी। स्कूल प्रिंसिपल सरोज ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# पेड़ों की कटाई को लेकर निगरानी के दिए निर्देश

■ डीसी ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को शिकायतों का निपटान करने के आदेश दिए।

डीसी ने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए हरियाणा सरकार की ओर से अब सप्ताह में दो दिन समाधान शिविर लगाते हुए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में सेक्टर-4 में पेड़ों की कटाई को लेकर आई शिकायत पर डीसी ने नगर परिषद व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निगरानी रखने के निर्देश दिए। डीसी ने हासांका गांव में गंदे पानी के नाले की साफ-सफाई करने के भी निर्देश दिए। डीसी ने जिला नगर योजनाकार अधिकारी को अवैध कब्जे व अवैध प्लाटिंग करने वाले पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। समाधान शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र व बुढ़ापा पेंशन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों का जल्द निपटारा किया जाए। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर जरूरतमंद लोगों की शिकायतों का निदान करने में अहम हैं। मौके पर एडीसी अनुपमा अंजलि, डीएमसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेन्द्र सिंह व सीटीएम प्रीति रावत आदि मौजूद थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में जन सुनवाई करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

महावीर जयंती पर प्रतियोगिताएं

## जैन मंदिर में धार्मिक प्रतियोगिताओं की विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

महिला जैन मिलन पारस समिति की ओर से भगवान महावीर जयंती पर आयोजित की गई धार्मिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जैन बड़े मंदिर के में सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति की सभी सदस्याएं उपस्थित थी। समिति की अध्यक्षा नीलू जैन ने सभी सदस्याओं के साथ णमोकार मंत्र और दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं में चित्रांशी जैन, हितैषी जैन, स्वर्णलता जैन, राजबाला जैन, सुमन जैन, कनक जैन, रुपिन जैन, रजनी जैन, सुमन जैन, कुसुम जैन, सरला जैन, मोनिका जैन व निकिता जैन विजेता रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सदस्याओं ने भगवान महावीर का पालना व बधाई गीत पर नृत्य किया। कार्यक्रम में नीरू जैन, रेणु जैन, क्षमा जैन, नीता जैन, अनीता जैन, अंकिता जैन, आशा जैन, हर्षित जैन, एकता जैन, सीमा, सुमन जैन व कशिश जैन ने सहयोग दिया। अध्यक्षा नीलू जैन ने कहा कि समिति का उद्देश्य नव पीढ़ी को धार्मिक संस्कार देना और तीर्थंकरों के जन्म कल्याण के प्रति जागरूक करना है।



## ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम ब्रास मार्केट में शिलापट्ट व साइन बोर्ड लगवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों सहित समाज के लोगों की ओर से वीरवार को डीसी अभिषेक मीणा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सभा प्रधान चंद्रशेखर गौतम ने बताया कि कुछ संस्थाएं ब्रास मार्केट का नाम शहीद भगत सिंह मार्केट रखवाने के लिए प्रयासरत हैं, जिससे ब्राह्मण समाज में रोष है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल ने वर्ष 1992 में रेवाड़ी आगमन पर ब्रास मार्केट का नाम भगवान श्रीपरशुराम ब्रास मार्केट घोषित किया था और भगवान परशुराम ब्रास मार्केट के साइन बोर्ड व शिलापट्ट ब्रास मार्केट के तीनों द्वारों पर लगे हुए थे, परंतु लंबी समय अवधि बीत जाने के बाद वे साइन बोर्ड व शिलापट्ट पुराने व जर्जर हो गए, जिसके संबंध में ब्राह्मण सभा एवं भगवान परशुराम ब्राह्मण महासभा ने सरकार को समय-समय पर साइन बोर्ड व शिलापट्ट लगवाने के लिए मांग पत्र दिए। भगवान परशुराम ब्रास मार्केट के नाम में किसी भी तरह का कोई परिवर्तन का आवेदन किसी भी संस्था का मंजूर न किया जाए तथा इसे यथावत भगवान श्रीपरशुराम ब्रास मार्केट ही रहने दिया जाए।



रेवाड़ी। डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए ब्राह्मण समाज के लोग।

**यह रहे मौजूद:** मौके पर उपप्रधान दीपक मुदगिल एडवोकेट, महासचिव जय कुमार कौशिक, सहसचिव संदीप भारद्वाज, प्रबंधक हेमन्त भारद्वाज, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, आरपी मुदगिल एडवोकेट, कार्यालय मंत्री दिनेश वशिष्ठ, महेश वशिष्ठ, कार्यकारिणी सदस्य नरेश स्वामी, प्रकाश चंद्र भारद्वाज, भूपेंद्र भारद्वाज, सुरेंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, सुभाष शर्मा, मनीष जोशी, जितेंद्र तिवाडी, कविंद्र भारद्वाज, राजेश शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, सतीश गौड, नवीन कुमार, संजय निर्मल, ललित कुमार, राजेश वत्स व सरोज भारद्वाज सिहत ब्राह्मण सभा के कॉलेजियम सदस्य एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने स्कूलों से जुड़ी समस्याओं को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

### जल्द शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करके समस्याओं का समाधान किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से वीरवार को जिला अध्यक्ष नवीन सैनी के नेतृत्व में स्कूलों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर डीसी अभिषेक मीणा के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल यादव ने कहा कि जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे कई कोचिंग सेंटर बिना किसी मान्यता के शिक्षा के मानकों का उल्लंघन कर रहे हैं ये संस्थान न तो शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त हैं और न ही बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं आधारभूत ढांचे के मानकों का पालन करते हैं । इसके अतिरिक्त विद्यालयों की निर्धारित समयावधि के दौरान कोचिंग चलाकर विद्यार्थियों को भ्रमित कर भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

कुछ कोचिंग सेंटर्स में सुरक्षा, आगजनी सुरक्षा व साफ-सफाई जैसी आधारभूत सुविधाओं का भी अभाव है। उन्होंने कोचिंग सेंटर्स की जांच कराकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

एसोसिएशन के संरक्षक जवाहर लाल दूहन ने कहा कि वर्तमान में आरटीए कार्यालय को बावल स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे जिले के आम नागरिकों, विशेषकर निजी स्कूल संचालकों एवं वाहन मालिकों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह कार्यालय दूरस्थ क्षेत्र में होने से निजी स्कूलों के वाहन, ड्राइविंग लाइसेंस व परमिट के कार्यों के लिए समय, धन और श्रम की बड़ी हानि हो रही है।



रेवाड़ी। डीसी को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

#### बिना मान्यता प्राप्त स्कूल व प्ले स्कूल चलाए जा रहे

जिला अध्यक्ष नवीन सैनी ने कहा कि जिले में बिना मान्यता प्राप्त स्कूल व प्ले स्कूल चलाए जा रहे हैं और शिक्षा विभाग के सभी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसके अलावा बहुत से स्कूल जहां तक मान्यता प्राप्त है, उससे ऊपर की कक्षाएं लगाते हैं। यह भी शिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन है। डीसी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक मीटिंग करके समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमेर सिंह, बावल ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, जगदेव, योगेश तिवारी, सत्यपाल व शुभराम उपस्थित थे।

### सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

# मिजोरम की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

पूरे देश में लक्षित आबादी के पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करने के लिए सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान चलाया जा रहा है। यह पहल स्थानीय स्तर पर कई हितधारकों के साथ मिलकर पोषण संबंधी सेवाओं के क्रियान्वयन को मजबूत करने और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण में सुधार करने पर केंद्रित है। डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास शालू यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ियों को बुनियादी ढांचे, सेवा वितरण की स्थिति और लाभार्थियों के पोषण संबंधी परिणामों के बेंचमार्क स्तर को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि सुपोषित ग्राम पंचायत पहल का महत्व उपलब्धियों की मान्यता से कहीं आगे तक फैला हुआ है। यह बदलाव के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, समुदायों को सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के माध्यम से कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई में स्थायी प्रथाओं और अभिनव दृष्टिकोणों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य 2 और 3 यानि एसडीजी 2- भूख को खत्म करना, खाद्य सुरक्षा और बेहतर पोषण प्राप्त करना और एसडीजी 3-स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करना और सभी उम्र के लोगों के लिए कल्याण को बढ़ावा देना की उपलब्धि का समर्थन करती है। सुपोषित ग्राम पंचायत पहल बाजरा, पोषण वाटिका-पोषक उद्यान, फोर्टिफाइड चावल व विविध आहार के उपयोग जैसी प्रथाओं के माध्यम से पोषण परिणामों को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।




रेवाड़ी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर करते हुए मिजोरम टीम के सदस्य।

#### मिजोरम की टीम ने ली आंगनबाड़ी केंद्रों में जानकारी

सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के प्रथम चरण के तहत मिजोरम राज्य की टीम ने जिले के रेवाड़ी खंड के गांव शहबाजपुर खालसा, बलियार खुर्द, एवं डहीना खंड के गांव राजपुरा व आलियावास के दो-दो आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया है, जिन्हें राज्यों-संघ शासित प्रदेशों को महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, स्वास्थ्य एवं जल शक्ति विभाग से सदस्यों को नामित किया गया है। समीक्षा दल कम से कम 20 प्रतिशत पात्र ग्राम पंचायतों का दौरा करेगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में दल दो आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा करेगा और निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।




#### ग्राम पंचायतों के लिए आधारभूत मानदंड

वे ग्राम पंचायतें, जिनके आंगनबाड़ी केंद्र पिछली तिमाही में हर महीने 21 दिनों के लिए खुले। ऐसी ग्राम पंचायतें, जिनके आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी श्रेणियों में कम से कम 50 लाभार्थी पंजीकृत हों। ऐसी ग्राम पंचायतें, जिनके आंगनबाड़ी केंद्रों में 80 प्रतिशत पेयजल उपलब्ध है। ऐसी ग्राम पंचायतें, जिनके आंगनबाड़ी केंद्रों में 70 प्रतिशत शौचालय उपलब्ध हैं तथा वे पंचायतें, जिनके अधीन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले 3 महीनों में 90 प्रतिशत मापन दक्षता रही है।

### तीन अनाजमंडियों में 47866 मीट्रिक टन सरसों और 25980 एमटी गेहूं की सरकारी खरीद



**रेवाड़ी/बावल/कोसली।** जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली अनाजमंडियों में रबी सीजन के तहत सरसों व गेहूं की खरीद की जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने खरीद एजेंसियों को किसानों को समय पर भुगतान करने व लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियां स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित करें, जिससे खरीदी गई सरसों का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। डीसी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने अनाज को तय मानकों के अनुसार सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं, ताकि उनकी उपज बिना किसी रुकावट के खरीदी जा सके। जिले में अब तक कुल 48767.3 मीट्रिक टन सरसों की आवक और 47866.8 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 33691.31 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। वहीं गेहूं की 26818.98 मीट्रिक टन आवक तथा 25980.43 मीट्रिक टन खरीद हुई है,जबकि 15226 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है।

**सूचना**

मैं, सूबे सिंह पुत्र श्री बनवारीलाल निवासी ग्राम कतोबपुरी बुर्जग, तहसील व जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रविन्द्र मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

हम, पप्पू पुत्र श्री दीपचंद व रोशनी पत्नी श्री पप्पू निवासी ग्राम रसियावास तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करते हैं कि हमारा पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधु सोनिया हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### शांति भंग करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**रेवाड़ी।** जगन गेट चौकी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में गाली गलौच व शोर शराबा करके आम जनता की शांति भंग करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला शिव नगर नजदीक केएलपी कॉलेज निवासी नवीन के रूप में हुई है। गत 16 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला शिव नगर नजदीक केएलपी कॉलेज की गली नंबर-5 में एक व्यक्ति सरेआम शराब के नशे में गाली गलौच व शोर शराबा करके आम जनता की शांति को भंग कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी को हरियाणा पुलिस एक्ट 2007 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### यादव कल्याण सभा का फ्री जांच कैंप रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 20 अप्रैल को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को परामर्श देकर फ्री दवाईयां प्रदान की जाएंगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि कैंप में डा. रवि राव मेडिसिन, डा. आत्मप्रकाश यादव हड्डीरोग, डा. सुनील यादव सर्जरी, डा. सुमन यादव स्त्रीरोग, डा. कोमल यादव दंतरोग व डा. गौतम यादव नेत्ररोग में ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथरेपी की सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### फसल निकालकर गेहूं चोरी कर ले गए

**रेवाड़ी।** फिदेड़ी में एक किसान के खेत में कटी गेहूं की फसल पर थ्रैसर लगाकर कुछ लोग गेहूं की चोरी कर ले गए। किसान पंकज ने बताया कि उसने 15 कनाल जमीन पर गेहूं की खेती की हुई थी। उसने 15 दिन पहले गेहूं काटकर खेत में एकत्रित किया था। बुधवार की रात अज्ञात व्यक्ति थ्रैशर मशीन से गेहूं निकला ले गए। हालांकि गेहूं की चोरी ज्यादा बड़ी नहीं थी। थ्रैसर लगाने वाले लोग लगभग आधा क्विंटल गेहूं ही चोरी कर पाए।

### मकान में घुसकर पर्स चोरी कर ले गया युवक

**कोसली।** वीरवार सुबह गुडियानी में एक युवक मकान में घुसकर महिला का पर्स चोरी कर ले गया। महिला ने चोरी करते हुए युवक को पकड़ लिया, लेकिन वह हाथ छुड़ाकर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में मंजू देवी ने बताया कि वह घर में अपने बच्चों के साथ सोई हुई थी। पड़ोस में रहने वाला युवक सागर उसके मकान में घुस गया। वह हैंगर पर लटक रहे उसके पर्स को चोरी करके ले जाने लगा। इसी दौरान उसने सागर को पकड़ लिया। पर्स में उसके 9250 रुपये थे। महिला ने आरोप लगाया कि सागर हाथ छुड़वाकर खेतों की ओर भाग गया। वह एक फोन चार्जर भी चोरी कर ले गया।

### स्वामी शरणानंद महाराज का निर्वाण दिवस 22 को

**रेवाड़ी।** स्वामी शरणानन्द महाराज का चतुर्थ निर्वाण दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस अवसर पर हवन व सत्संग का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत सेवा आश्रम दड़ौली के स्वामी समर्पणानंद महाराज ने बताया कि मंगलवार प्रातः 7:30 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 10 बजे साधु संतों एवं भक्तजनों की ओर से आध्यात्मिक सत्संग किया जाएगा। आचार्य ने इलाके के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

# ऑनलाइन डायरी के तुगलकी फरमान के खिलाफ शिक्षकों का फूटा गुस्सा

- हसला के जिला प्रधान मनोज मसानी बोले शिक्षक पहले से ही नियमित रूप से ऑफलाइन डायरी भरते, अब ऑनलाइन डायरी लिखने से समय की बर्बादी के साथ छात्रों की पढ़ाई होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से शिक्षकों के लिए एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन शिक्षक डायरी अनिवार्य करने के आदेश के विरोध में वीरवार को जिलेभर के शिक्षक सड़कों पर उतर आए। हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन यानि हसला और राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करके शिक्षामंत्री व शिक्षा निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। हसला के जिला प्रधान मनोज मसानी और राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने ऑनलाइन डायरी को वापस लेने की मांग की।

इस मौके पर हसला जिला प्रधान मनोज मसानी ने कहा कि शिक्षक पहले से ही ऑफलाइन डायरी नियमित रूप से भरते हैं। अब ऑनलाइन डायरी लिखने का फरमान न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि इससे शिक्षकों का कीमती समय बर्बाद होगा। यह व्यवस्था स्कूलों के शैक्षिक माहौल को भी प्रभावित करेगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान धर्मेंद्र यादव ने कहा कि ज्यादातर सरकारी स्कूलों में न तो कंप्यूटर हैं और न ही इंटरनेट की सुविधा। ऐसे में यह आदेश तुगलकी फरमान जैसा है, जिससे शिक्षक मानसिक दबाव में आ जाएंगे।



रेवाड़ी। डीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे प्रदर्शन में मौजूद

प्रदर्शन के दौरान राजवीर यादव जिला महासचिव, सुनील यादव, पवन शर्मा, रविंद्र यादव पूर्व प्रधान, संजय डाबला जिला उपप्रधान, रमेश सिंघल, कर्मचंद यादव ब्लॉक प्रधान, पतराम, टेकचंद शर्मा, प्रमोद यादव, अजय यादव कोषाध्यक्ष, रमेश शास्त्री प्रेस सचिव, कपिल कुमार, निखिल मुदगिल, राकेश जेलदार, पूनम यादव, सीता, सीमा यादव, प्रियंका डागर, रेखा बल्डोदिया व राज सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

### शिक्षामंत्री व शिक्षा निदेशक के नाम सौंपा ज्ञापन

प्राचार्या नम्रता सचदेवा ने कहा कि तकनीकी कार्यों में उलझने से शिक्षकों का ध्यान विद्यार्थियों की पढ़ाई से हट जाएगा और इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ेगा। प्रदर्शन के बाद शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सांभरिया और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया को शिक्षा मंत्री व शिक्षा निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन डायरी अनिवार्यता को तुरंत प्रभाव से रद करने की मांग की। शिक्षकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही आदेश वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## फर्जी नंबर प्लेट लगी दो बाइकें पकड़ीं

# पुलिस जांच में दोनों बाइक चोरी की निकलीं

- दोनों बाइक चोरी की निकलने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया
- आरोपी के खिलाफ चोरी व धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बाइकों की नंबर प्लेटों की गहन जांच से चोरी की बाइक भी लगातार बरामद हो रही हैं। पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी दो बाइकों को पकड़ा है। दोनों बाइक चोरी की निकलने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने रेजांगला पार्क के पास बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की एक बाइक को रुकवाकर चालक से कागजात दिखाने को कहा। बाइक चालक मध्यप्रदेश के बैतूर जिला के गांव सीवन पाठ निवासी अक्षय धोटे ने कागजात होने से इनकार कर दिया। पुलिस ने प्लेट पर लिखे हुए नंबरों को चालानिंग मशीन में डालकर चेक किया, तो नंबर चेसिस और इंजन नंबरों से मैच नहीं हुए। जब पुलिस ने चेसिस और इंजन नंबरों से चेक किया तो बाइक के नंबर दूसरे निकले। यह बाइक राजस्थान के बीरनवास निवासी शिवलाल के नाम पर मिली। पुलिस ने शिवलाल से फोन पर संपर्क किया तो उसने बताया कि उसकी बाइक 15 अप्रैल की रात चोरी हो गई, जिसकी एफआईआर उसने 16 अप्रैल को कोटकासिम थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी अक्षय को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। बाइक को कब्जे में लेने के बाद कोटकासिम पुलिस को इसकी सूचना दी। आरोपी के खिलाफ चोरी व धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

### चेसिस नंबर से नहीं हुआ मिलान

रामपुरा थाना पुलिस ने कनुका मोड़ के पास रात को एक बाइक रुकवाकर चालक से कागजात दिखाने को कहा। वह बाइक के कागजात नहीं दिखा पाया। बाइक के नंबर चालानिंग एप पर डालकर चेक किए तो उनका चेसिस नंबरों से मिलान नहीं हुआ। बाइक चालक ने अपना नाम राजस्थान के अरडीन निवासी विजयपाल बताया। पुलिस ने चेसिस नंबरों के आधार पर बाइक के पंजीकरण नाम देखे तो वह नंबर चोरी की बाइक के पाए गए। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी।

# गवर्नमेंट स्कूल रतनथल में प्रवेश उत्सव आयोजित शिक्षकों ने नए छात्रों का किया अभिनंदन

- राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बेटी एकता यादव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्मानित किया
- छात्रों ने खेलों में अपने दमदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

शहीद प्रदीप सिंह चौहान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल में वीरवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के प्राचार्य अशोक यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। विद्यालय

गत वर्षो में शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद व सामुदायिक जागरूकता के क्षेत्र में खंड, जिला व राज्य स्तर पर विशेष पहचान बन चुका है। गत वर्ष शैक्षणिक सत्र में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम की परंपरा को कायम रखते हुए विद्यालय की पांच छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय,चतुर्थ व पांचवा स्थान हासिल किया। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बेटी एकता यादव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्मानित भी किया। सांस्कृतिक गतिविधियों व विभाग की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे विज्ञान प्रदर्शनी, आविष्कार योजना व इको क्लब के तहत सुलेख लेखन प्रतियोगिता में स्कूल ने एससीईआरटी गुरुग्राम तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। छात्रों ने खेलों में अपने दमदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल में समय-समय पर स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा विभिन्न प्रकार के सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाते रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य अशोक यादव के मार्गदर्शन में विद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वीरवार को स्कूल में जहां नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया वही जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में कराने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान राम अवतार, सरपंच सुभाष, पूर्व सरपंच जय भगवान व सामाजिक कार्यकर्ता प्रीतम चौहान सहित अनेक ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



रेवाड़ी। विद्यालय में नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

# अवैध हथियार उपलब्ध कराने के दो आरोपी चढ़े सीआईए के हत्थे

- सीआईए ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। 30 सितंबर 2022 को कसोला पुलिस को सूचना मिली थी कि झज्जर निवासी दिनेश कुमार अपराधी किस्म का युवक है। वह बनीपुर चौक से पॉस्को चौक की ओर से पैदल आ रहा है। उसके पास हथियार मौजूद है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर दिनेश को काबू करने के प्रयास शुरू किए। पुलिस की टीम पॉस्को चौक के पास पहुंची तो सामने से आ रहा युवक पुलिस को देखकर वापस भागने लगा। पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक देशी पिस्टल बरामद हुआ। पिस्टल के मैगजीन से एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद ऑर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई थी कि दिनेश को यह पिस्टल हिसार के मतलोडा निवासी संदीप उर्फ मिक्का से ली थी। सीआईए ने संदीप को काबू किया है। उसे कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पिस्टल व कारतूस के साथ काबू किया था

एक अन्य मामले में कसोला पुलिस ने 23 अप्रैल 2023 को रूध निवासी सज्जन सिंह उर्फ हांडा को उसके घर से देशी पिस्टल व तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि राजस्थान के झाड़का निवासी हेमंत ने उसे यह हथियार उपलब्ध कराया था। पुलिस ने हेमंत को गिरफ्तार किया तो उसने बताया कि उसे यह हथियार एमपी के सिगनुर निवासी अनोक सिंह से मिला था। सीआईए ने इस मामले में अब अनोक सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया।

# राजकीय स्कूल बिसोहा में अध्यापक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व प्रबंधन समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय उच्च विद्यालय बिसोहा में वीरवार को स्कूल प्रबंधन समिति एवं विद्यालय की ओर से अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्रभारी एवं प्राचार्या उमा यादव उपस्थित थी। इस अवसर पर गत सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान नरेश कुमार, उप प्रधान ममता, सुरेश, विनोद, वरिष्ठ शिक्षिका सुमित्रा यादव, रामनिवास, संगीता यादव, प्रदीप, छत्रपाल व सविता मौजूद थे।

# छात्राओं ने अनेक गतिविधियों के माध्यम से दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

गत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के गांव कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस यूनिट-15 के तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए महीने भर कई प्रभावशाली गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व शपथ ग्रहण समारोह सहित छात्राओं ने गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो.बलबीर सिंह ने छात्राओं से सुरक्षित ड्राइविंग करने और अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में डा.यशपाल शर्मा, डा. अनिल कुमार यादव, डा. अंजलि यादव, सनीता यादव, ज्योति यादव, निर्मला व सुशीला ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में एनएसएस छात्रा मनीषा, निकिता, अदिति, नीतू, कोमल, सपना, महक, रेखा, अंशिका, प्रिया छात्राओं को जागरूक किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ अपने पोस्टर दिखाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### कथा में श्री कृष्ण के रण छोड़ प्रसंग का किया वर्णन

**धारूहेड़ा।** धारुहेड़ा के प्राचीन ठाकुर जी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास प्रेमानंद गिरी महाराज ने राजा जरासंध व भगवान श्री कृष्ण के युद्ध का वर्णन किया। श्री कृष्ण ने जरासंध को 17 बार युद्ध में हराया था। 18वीं बार युद्ध करने के लिए जरासंध ने मथुरा पहुंचने से पहले जीत दिलाने के लिए एक हजार पंडितों को जप करने बैठा दिया तथा युद्ध के लिए यह कहकर गया था यदि मैं हारा तो तुम्हें भी हारना होगा तथा तुम्हारी मृत्यु निश्चित होगी। जब यह बात भगवान श्रीकृष्ण ने सुनी तो उन्होंने बड़े भाई बलराम को बताया। उन्होंने कहा कि हजार पंडितों का सिर कलम होने से पहले हम युद्ध से भाग चलेंगे, ऐसा करने पर पंडितों के साथ कोई अप्रिय घटना नहीं घटेगी और उन्होंने ऐसा ही किया। महाराज ने कहा कि जभी से भगवान श्री कृष्ण को रण छोड़ कृष्ण कहा जाता है, परंतु उनकी लीलाएं अपरंमपार थी। उन्होंने जरासंध को एकांत में ले जाकर मारा और अपनी मथुरा छोड़कर द्वारिका नगरी बसाई। इस अवसर पर विभिन्न झांकियां भी प्रस्तुत की गई। कथा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।



रेवाड़ी। ठाकुरजी मंदिर में कथा का वाचन करते महाराज।

### कार लेकर जमा नहीं कराई किश्तें, फर्जी तरीके से एनओसी लेकर बेची, केस

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने एग्रीमेंट के आधार पर बलेनो डेल्टा कार खरीदकर उसकी किश्तों का भुगतान नहीं करने और बाद में फर्जी तरीके से एनओसी लेकर किसी अन्य को कार बेचने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। डीएसपी को दर्ज शिकायत में बावल के आनंद नगर निवासी आशीष ने बताया था कि झज्जर के खेड़ी आसरा निवासी अंकुश को अपनी बलेनो कार एग्रीमेंट के आधार पर बेची थी। आशीष को अंकुश ने 1.20 लाख रुपये का नकद भुगतान किया था। अन्य राशि हर माह किश्त के रूप में उसके खाते में डाली जानी थी, ताकि आशीष के खाते से कार की किश्तें कटती रहें। आशीष ने आरोप लगाया कि अंकित ने बल्लभगढ़ के आदर्श नगर निवासी रविंद्र के साथ मिलकर कार फरीदाबाद के खंदावली निवासी शाहरुख खान को बिना उसकी सहमति के बेच दी।

**राजनीति**

## सरकार बनाने में खास भूमिका निभाता रहा है दक्षिणी हरियाणा

# भाजपा के गढ़ अहीरवाल पर फोकस कर सकती है कांग्रेस कैप्टन की विदाई के बाद दानसिंह को मिल सकता है पद

> तीन दशक से प्रदेश में सरकार उसी दल की बनी है, जिसने अहीरवाल क्षेत्र में सात या इससे ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाया है

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



राव दानसिंह।



भूपेंद्र हुड्डा।



डा. अभय सिंह यादव।

प्रदेश में सरकार गठन करने में दक्षिणी हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र की भूमिका खास रहती है। लगभग तीन दशक से प्रदेश में सरकार उसी दल की बनी है, जिसने अहीरवाल क्षेत्र में सात या इससे ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाया है। भाजपा ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में इस क्षेत्र पर पूरा फोकस किया है, जिस कारण पार्टी लगातार तीन बार प्रदेश में सत्तासीन होने में सफल रही है। एक दशक तक कांग्रेस का गढ़ रह चुके इस क्षेत्र में वापसी के लिए कांग्रेस एक बार फिर से गंभीरता से विचार कर रही है। कैप्टन के हाथ से ओबीसी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को छीनने के बाद राव दानसिंह को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। वर्ष 2000 के विधानसभा चुनावों में इनेलो को अहीरवाल में व्यापक समर्थन मिला, तो चौ. ओमप्रकाश चौटाला प्रदेश में सरकार बनाने में कामयाब रहे थे।

वर्ष 2005 में इस क्षेत्र ने कांग्रेस के पक्ष में पलटी मारी तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार दो बार सरकार बनाने में कामयाब रहे थे। वर्ष 2014 में मोदी लहर के चलते अहीरवाल में भाजपा कांग्रेस और इनेलो दोनों का सूपड़ा साफ करने में सफल रही थी। उसके बाद से पार्टी का इस क्षेत्र पर फोकस करना फायदे का सौदा ही साबित हुआ है। अभी तक कांग्रेस ने अहीरवाल क्षेत्र में पद के नाम पर कैप्टन अजय सिंह यादव को ही बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हुई थी। तीन साल से अधिक समय तक ओबीसी सेल के राष्टीय अध्यक्ष पद पर काबिज रहे कैप्टन पार्टी के लिए बड़ा चमत्कार करने में पूरी तरह विफल साबित हुए।

वर्ष 2014 के चुनावों में खुद मात खाने के बाद गत विधानसभा चुनावों में वह अपने बेटे चिरंजीव राव तक को नहीं जिता पाए। इससे पूर्व लोकसभा चुनावों में उनका एक बार चुनाव लड़ने से इनकार करना और बाद में टिकट की मांग करना घाटे का सौदा ही साबित हुआ था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की नजर में उनका स्टैंड साफ हो गया था। उन्हें ओबीसी सेल के राष्टीय अध्यक्ष पद से हटाने के बाद अहीरवाल क्षेत्र में पार्टी के किसी भी नेता के पास कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं बची है। ऐसे में राव दानसिंह को कांग्रेस इस क्षेत्र में बड़ी कद देकर कद्दावर बना सकती है।

### अहीरों को साधने के लिए दानसिंह बड़ा चेहरा

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आगामी रणनीति को देखते हुए कांग्रेस इस बार बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। अहीरों को साधने के लिए राव दानसिंह को पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष तक बनाया जा सकता है। साथ नेता प्रतिपक्ष के लिए चल रही जद्दोजहद के बीच एक एससी महिला विधायक को विपक्ष का नेता बनाया जा सकता है। महिला नेत्री और राव दानसिंह दोनों ही हुड्डा के काफी करीबी माने जा रहे हैं, जिस कारण उन्हें दोनों को एडजेस्ट करने पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

### भाजपा अभयसिंह को बना सकती है वजनदार

विधानसभा चुनावों के दौरान टिकट वितरण के समय अहीरवाल क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की पसंद को भाजपा हाईकमान ने तवज्जो दी थी। राव विरोधी खेमे से संबंध रखने वाले डा. अभयसिंह और राव नरबीर सिंह टिकट लेने में कामयाब रहे थे। अभयसिंह पार्टी की गुटबाजी का शिकार होकर चुनाव हार गए थे, जबकि इस सीट को भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित माना जा रहा था। सूत्रों अनुसार साफ छवि के इस नेता को भाजपा हार के बावजूद निराश नहीं करेगी। आने वाले समय में उन्हें संगठन या सरकार में बड़ी जिम्मेदारी देकर एडजेस्ट किया जा सकता है।